# सक्सेस मिरर

**सफलता का कैप्सूल**

वर्ष : 9
अंक : 106
नवम्बर : 2018

Visit us at : www.pdgroup.in


## इस अंक में...


7 | ज्ञानमय जीवन : विकास की कुंजी

8 | समसामयिकी घटना संग्रह

9 | समसामयिकी संक्षिप्तकियाँ

19 | **आर्थिक घटना संग्रह**
- भारत की जीडीपी 7·4 होने की उम्मीद : आरबीआई
- एचडीएफसी बैंक देश का सबसे मूल्यवान ब्रांड
- वेब पोर्टल 'रेल सहयोग' लांच
- आरबीआई ने नौ साल बाद 8·46 टन स्वर्ण खरीदा

23 | **राष्ट्रीय घटना संग्रह**
- महिला सुरक्षा योजना हेतु ₹ 2919·55 करोड़ की मंजूरी
- देश का पहला नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल मोबाइल ऐप
- मध्य प्रदेश में कुंडालिया बाँध का लोकार्पण
- ₹ 46,000 करोड़ मूल्य की रक्षा खरीद को मंजूरी
- कोर्ट कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग की अनुमति

27 | **अन्तर्राष्ट्रीय घटना संग्रह**



- भारतीय राष्ट्रपति का तीन देशों—साइप्रस, बुल्गारिया और चेक गणराज्य का दौरा सम्पन्न
- बिहार–नेपाल बस सेवा का शुभारम्भ
- भारत–अमरीका ने COMCASA पर हस्ताक्षर किए
- चौथा बिम्सटेक शिखर सम्मेलन काठमांडू में सम्पन्न

31 | **खेल खिलाड़ी**
- भारत महिला मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा
- एशियाई ओलम्पिक परिषद् द्वारा भारत के पारम्परिक खेल को मान्यता




- भारत ने 69 पदकों के साथ एशियाई खेलों का किया समापन

35 | महत्वपूर्ण तथ्य संग्रह

38 | विज्ञान समाचार


## लेख


40 | **सामयिक लेख**—संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की रिपोर्ट : बच्चों को आतंकी बनाने का निष्ठुर खेल

41 | **चिकित्सीय लेख**—औषधीय पादपों का जर्मप्लाज्म बैंक

43 | **कृषि लेख**—"कृषि और पशुधन के संरक्षण से ही खुशहाल होंगे—किसान"

78 | **प्रथम पुरस्कृत तार्किक प्रतियोगिता**

79 | **तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक-103 का परिणाम**

81 | **रोजगार अवसर**


## हल प्रश्न-पत्र


45 | **उत्तराखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2017 (कक्षा 1 से 5 तक)**

**स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया क्लर्क परीक्षा, 2018**

60 | **तर्कशक्ति**

63 | **संख्यात्मक अभियोग्यता**

67 | **English Language**

70 | **आगामी रेलवे भर्ती बोर्ड ग्रुप 'डी' कम्प्यूटर पर आधारित परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न**



सर्वाधिकार सुरक्षित, प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के इस मैगजीन का कोई भी भाग न तो पुनरुत्पादित किया जाएगा और न किसी भी रूप में, जैसे–इलेक्ट्रॉनिक, मेकेनीकल, फोटोकॉपीइंग, रिकॉर्डिंग अथवा अन्य प्रकार स्टोर किया जाएगा. हालांकि इस संस्करण में प्रकाशित सूचनाओं के सही होने का हरसम्भव प्रयास किया गया है, फिर भी न तो प्रकाशक व न अन्य कोई कर्मचारी किसी भी त्रुटि अथवा छूट के लिए उत्तरदायी होगा. अस्वीकृत रचनाओं को लेखकों को वापस भेजने के लिए उनके साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा मय उपयुक्त डाक टिकटों के प्राप्त होगा. रचना के देर से पहुँचने अथवा रास्ते में खो जाने की कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाती. पत्रिका में लेखकों द्वारा प्रेषित बयानों, विचारधाराओं तथा प्रकाशित विज्ञापनों की कोई जिम्मेदारी **'सक्सेस मिरर'** की नहीं है.



- **सम्पादक** : महेन्द्र जैन
- **रजिस्टर्ड ऑफिस** : 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2
- **सम्पादकीय ऑफिस**
  1, स्टेट बैंक कॉलोनी, वन चेतना केन्द्र के सामने
  आगरा–मथुरा बाईपास, आगरा–282 005
  फोन– 4053333, 2531101, 2530966
  फैक्स– (0562) 4053330
  ई-मेल: सम्पादकीय: publisher@pdgroup.in
  कस्टमर केयर: care@pdgroup.in
- **दिल्ली ऑफिस**
  4845, अंसारी रोड, दरियागंज,
  नई दिल्ली–110 002
  फोन– 011-23251844/66; 43259035
- **पटना ऑफिस**
  पारस भवन (प्रथम तल),
  खजांची रोड,
  पटना– 800 004
  फोन– 0612-2303340
  मो– 09334137572
- **कोलकाता ऑफिस**
  H-3, ब्लॉक-B, म्यूनिसिपल प्रीमिसेस No. 15/2, गालिफ स्ट्रीट, पी.एस. श्यामपुकुर,
  कोलकाता– 700 003 (W.B.)
  फोन– 033-25551510
- **हैदराबाद ऑफिस**
  16-11-23/37, मूसारामबाग, टीगन गुडा
  आर.टी.ए. ऑफिस के सामने मेन रोड
  (आन्ध्रा बैंक के बगल में), हैदराबाद–500 036
  (तेलंगाना) फोन– 040-24557283
- **हल्द्वानी ऑफिस**
  8-310/1, ए. के. हाउस
  हीरानगर, हल्द्वानी,
  जिला–नैनीताल– 263 139
  (उत्तराखण्ड)
  मो– 07060421008
- **इन्दौर**
  30-31, जिन्सी हाट मैदान,
  बाबा रामदेव मंदिर के निकट
  मलहारगंज
  इन्दौर– 452 002 (म.प्र.)
  फोन– 9203908088
- **लखनऊ ऑफिस**
  B-33, ब्लंट स्क्वायर, कानपुर
  टैक्सी स्टैण्ड लेन, मवइंया,
  लखनऊ– 226 004
  फोन– 0522-4109080
  मो– 09760181118
- **नागपुर ऑफिस**
  1461, जूनी शुक्रवारी,
  सक्करदरा रोड, हनुमान
  मन्दिर के सामने,
  नागपुर–440 009 (महाराष्ट्र)
  फोन– 0712-6564222
  मो– 09370877776



# ज्ञानमय जीवन : विकास की कुंजी

—साध्वी वैभवश्री 'आत्मा'

> ***"Knowledge comes from Learning. Wisdom comes from Living."***
>
> ***—Anthony Douglas Williams***

*हम इस जीवन को सदैव जानते हुए जी रहे हैं, किन्तु हमारा जानना प्रायः हमारे पूर्व संस्कारों से युक्त है. हमने अपने पूर्व संस्कारों में जीवन के प्रति, लोगों के प्रति, घटनाओं के प्रति जैसा दृष्टिकोण बना लिया है उसी के तहत् हम आज भी इस जीवन को, अपने आसपास के लोगों को और परिस्थितियों को देखते हैं. यही कारण है कि हमारा जानना पूर्वाग्रहों से ग्रसित है. कहीं-कहीं कटुता से ग्रसित है, राग अथवा द्वेष से ग्रसित है. ऐसे में कुछ नवीन जानना भी मिथ्यात्व बन जाता है, अज्ञान बन जाता है, मिथ्या बन जाता है, किन्तु यदि हम वर्तमान को, इस जीवन को, विद्यमान परिस्थितियों को और निमित्तों को पुराने संस्कारों के दृष्टिकोण से न देखकर केवल वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखें और एक भाव हमारे भीतर उत्पन्न हो जाए कि जो कुछ भी हमारे सामने आ रहा है. वह सब कुछ कहीं-न-कहीं हमारी मुक्ति के लिए है. हमारे भीतर विवेक जाग्रत करने के लिए है. हमें समझदार बनाने के लिए है, हमें और अधिक योग्य और विकसित करने के लिए है, तो सुनिश्चित समझें कि हमारी सम्पूर्ण सोच बदल जाएगी, पूरा जीवन ही बदल जाएगा. यानि जानने का दृष्टिकोण बदला, सामने वाले को निर्विकार भाव से देखने-समझने का दृष्टिकोण बदला, तो हमारा पूरा का पूरा जीवन परिवर्तित होने लग जाएगा.*

*किसी व्यक्ति, किसी घटना और ज्ञान के किसी स्तर को पूर्वाग्रहों से ग्रसित होकर न तो देखा जाना चाहिए और न समझा जाना चाहिए. वर्तमान ही सत्य है, लेकिन वर्तमान के सत्य के सारतत्व का विश्लेषण करने में पूर्व के संस्कार, पूर्व का अर्जित ज्ञान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. ज्ञानी वह है जो घटनाओं को भूतकाल, वर्तमान एवं भविष्य के सन्दर्भ में देखता है. यह आवश्यक नहीं है कि जो कल सार्थक और उपयोगी था, वह आज भी सार्थक और उपयोगी है तथा भविष्य में भी बना रहेगा, लेकिन आज के ज्ञान के सम्मिश्रण से भविष्य को सँवारा जा सकता है, भविष्य को एक नवीन दिशा दी जा सकती है. ज्ञान व्यक्ति को अन्धकार में मार्ग खोजने में सहायता करता है. अज्ञान अथवा अल्पज्ञान व्यक्ति को अपने मार्ग से भटका देता है तथा लक्ष्य तक पहुँचने में अनेक बाधाएँ पैदा करता है.*